दैनिक जागरण

दिनांक 27-11-2020

# कालेज छात्रों व अधिकारियों ने ली शपथ

संवाद सहयोगी, कनीनाः राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संविधान दिवस को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा विक्रम यादव ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज की तारीख का विशेष महत्व है। क्योंकि इसी दिन परतंत्रता की जंजीरों से आजाद होकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकृत किया था। डा. कांता ने संवैधानिक अनुच्छेदों तथा संसोधनों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। राजनीति शास्त्र प्रवक्ता हरपाल यादव ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से देश की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता बनाए रखने के साथ ही अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम प्रभारी डा. सीमा देवी ने इस दिवस के आयोजन में अहम योगदान देने के लिए डा. सुधीर, डा. अंकिता, नीतू, कविता, धनेश, सोमेश, अनिल व कंवर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।



एसडीएम विश्राम कुमार संविधान की शपथ दिलाते हुए •

**अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली संविधान के मौलिक कर्तव्यों की शपथ :** उधर संविधान दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को एसडीएम कार्यालय में उपमंडल के सभी सरकारी कार्यालयों में संविधान का पाठन करने साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को एसडीएम विश्राम कुमार मीणा ने मूल कर्तव्यों, संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों आदि का आदर करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सरकारी कार्यालयों के साथ ही राजकीय संस्कृति मॉडल विद्यालय कनीना में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम विश्राम कुमार मीणा ने कार्यालय प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी ने जनता को संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया। इस मौके पर पर सुरेंद्र सिंह, बाबूलाल, दिनेश, अरविंद, सुनीता, जितेंद्र,उमेद जाखड़ आदि उपस्थित थे।

# कोविड-19 की चुनौती में सभी का मौलिक कर्तव्य है कि स्वयं जागरूक होकर सबको करें जागरूक



कनीना में संविधान दिवस पर छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलवाते प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव।

**कनीना** | राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संविधान दिवस को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान की निर्माण प्रक्रिया तथा प्रस्तावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से अपील की आज जब सारा विश्व कोविड-19 चुनौती का सामना कर रहा है तो उनका मौलिक कर्तव्य है कि वे स्वयं जागरूक होकर साधारण जन को भी जागरूक रहे। डॉ. कांता ने संवैधानिक अनुच्छेदों तथा संशोधनों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। राजनीति शास्त्र प्रवक्ता हरपाल यादव ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से देश की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता बनाए रखने के साथ ही अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने को कहा। छात्राओं ने इस दिवस के उपलक्ष्य में अनेक ज्ञानवर्धक साहित्यात्मक गतिविधियों में भाग लिया तथा भारतीय संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा देवी ने इस दिवस के आयोजन में अहम योगदान देने के लिए डॉ. सुधीर, डॉ. अंकिता, नीतू, कविता, धनेश, सोमेश, अनिल व कंवर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

27-11-2020